**बिहार सरकार**
**ऊर्जा विभाग**

# अधिसूचना

पत्रांक–प्र01/क्षे0स्था0–34/01(खंड–II)– 14 /पटना, दिनांकः– 18.12.2025

ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत राज्य में एक मात्र विद्युत निरीक्षणालय पटना में स्थित है। विद्युत निरीक्षणालय द्वारा राज्यभर के विभिन्न जिलों में अधिष्ठापित प्रतिष्ठानों का विद्युत निरीक्षण करने एवं विद्युत दुर्घटनाओं की जाँच आदि कार्य निष्पादित किये जाते हैं सम्प्रति विद्युत निरीक्षणालय में 01 विद्युत निरीक्षक पदस्थापित है। वर्त्तमान में राज्य के विभिन्न हिस्सों से विद्युत निरीक्षणालय से संबंधित कार्यो के निष्पादन हेतु पटना में पदस्थापित वरीय विद्युत निरीक्षक/विद्युत निरीक्षक को विभिन्न जिलों में समय–समय पर जाकर कार्यों का निष्पादन करना पड़ता है। जिससे कार्य निष्पादन में विलम्ब उत्पन्न होता है। राज्य में लगातार नये–नये प्रतिष्ठान अधिष्ठापित हो रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है, जिसके कारण विद्युत निरीक्षणालय पर भी कार्य बोझ काफी बढ़ा है एवं मामले के त्वरित निष्पादन में कठिनाई भी हो रही है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड की अनुषंगी वितरण कम्पनियों (नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड) में विद्युत आपूर्ति अंचल स्तर पर पदस्थापित निम्नलिखित विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, एस0टी0एफ0 को अपने कार्यो के अतिरिक्त वरीय विद्युत निरीक्षक के कार्य को निष्पादित करने हेतु निम्नवत प्राधिकृत किया जाता हैः–

| नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड | | |
|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **पदनाम** | **वरीय विद्युत निरीक्षक के रूप में क्षेत्राधिकार** |
| 1 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, दरभंगा। | विद्युत आपूर्ति अंचल–समस्तीपुर, बेगूसराय एवं दरभंगा। |
| 2 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, सहरसा। | विद्युत आपूर्ति अंचल–सहरसा, पूर्णिया एवं किशनगंज। |
| 3 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, मुजफ्फरपुर। | विद्युत आपूर्ति अंचल–मुजफ्फरपुर, मोतिहारी एवं छपरा। |

| साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड | | |
|---|---|---|
| क्र0सं0 | पदनाम | वरीय विद्युत निरीक्षक के रूप में क्षेत्राधिकार |
| 1 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, बिहार शरीफ। | विद्युत आपूर्ति अंचल–बिहार शरीफ। |
| 2 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, गया। | विद्युत आपूर्ति अंचल–गया, औरंगाबाद एवं सासाराम। |
| 3 | विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस0टी0एफ0, भागलपुर। | विद्युत आपूर्ति अंचल–भागलपुर, मुंगेर एवं जमुई। |

वरीय विद्युत निरीक्षक / विद्युत निरीक्षक, विद्युत निरीक्षणालय, बिहार को विद्युत आपूर्ति अंचल, आरा, पेसू एवं पटना से संबंधित मामलों के निष्पादन तथा लाईसेंसिंग नवीकरण हेतु प्राधिकृत किया जाता है। विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के कार्यक्षेत्र से संबंधित विवरणी अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार माननीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
(मनोज कुमार सिंह),
सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः– प्र01 / क्षे0स्था0–34 / 01(खंड–II)– 5887 / पटना, दिनांकः– 18.12.2025

प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार पटना को बिहार राजपत्र के प्रकाशनार्थ (आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से) प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित गजट की 200 (दो सौ) प्रतियाँ, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सरकार के सचिव।